Title: Need to improve telephone services in rural areas of the country particularly in Ferozabad Parliamentary Constituency, U.P.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, देश के ग्रामीण अंचल में संचार सेवाओं का बुरा हाल है । विभागीय नियमानुसार गांव के जिन लोगों ने पंजीकरण करा लिया है उन्हें दो वर्ा में दूरभाा सेवाएं अवश्य उपलब्ध हो जायेंगी । लेकिन तमाम गांवों में प्रतीक्षा सूची को दो वर्ा से भी ज्यादा हो गया है लेकिन वे दूरभाा की सेवाएं नहीं पा सके हैं । मेरा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद - आगरा और फिरोजाबाद दो जनपदों को मिलाकर बना है । इन दोनों जनपदों के 56 गांव ऐसे हैं जिन गांवों के लोगों ने दूरभाा प्राप्ति हेतु आवेदन तो कर रखा है लेकिन उन्हें काफी समय से दूरभाा कनैक्शन नही मिल सके हैं । ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत एम.ए.आर.आर. असफल हैं । यहां दूरभाा सेवाओं को डब्ल्यू.एल.एल. (Wireless in Local Loop) से ही प्रभावी बनाया जा सकता है लेकिन यह आम उपभोक्ता की पकड़ से बाहर की चीज है क्योंकि इसका पंजीकरण शुल्क 10 हजार रुपया है । सुदूर ग्रामीण अंचल में केबल पड़ना मुश्किल है । यदि डब्ल्यू.एल.एल. शुल्क को 10 हजार रुपये से 500 रुपया कर दिया जाए तो उपभोक्ताओं की संख्या भी बढ़ेगी और बेहतर सेवाएं भी मिलेंगी। ग्रामीण अंचल में दूरभाा सेवाओं की स्थिति का सुधार किया जाए ।